For record
Joseshz

# राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट, सोलन
# (हिमाचल प्रदेश)

## वार्षिक प्रतिवेदन, सत्र–2019–2020

### महाविद्यालय परिचय

राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट, हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन में स्थित एक सह–शिक्षण संस्थान है। उच्च शिक्षा को सर्वव्यापी बनाने के उद्देश्य से यह महाविद्यालय 23 मई 2017 को अस्तित्व में आया। वर्तमान में यह शिमला–बिलासपुर–कांगड़ा राष्ट्रीय उच्च मार्ग 205 पर दाड़लाघाट बस स्टैंड से तकरीबन 1 कि.मी. दूर एक निजी भवन में संचालित किया जा रहा है। हालांकि महाविद्यालय के संस्थापन कार्य के प्रयोजनार्थ कोटला–पुजारियां और कोटला नुम्हाल नामक गांव के समीप लगभग 43 बीघा जमीन महाविद्यालय के भवन निर्माण व परिसर हेतु अधिकृत की जा चुकी है। चयनित भूमि पर भवन निर्माण कार्य आरंभ नहीं हो पाया है। इस कार्य को शीघ्र–अतिशीघ्र आरंभ करवाना महाविद्यालय की प्राथकिमता है।

महाविद्यालय में सत्र 2019–2020 के अंतर्गत सोलन, बिलासपुर और शिमला जिले से संबंधित 234 विद्यार्थियों ने कला और वाणिज्य संकाय में प्रवेश लिया। इनमें से अधिकतर विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से संबंध रखते हैं। महाविद्यालय में तकरीबन 60 फीसदी संख्या छात्राओं की है। अतः ग्रामीण क्षेत्र और लड़कियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के प्रयोजन से यह महाविद्यालय अपना विशेष महत्व रखता है। मूलभूत आवश्यकताओं के अभाव के बावजूद महाविद्यालय परिवार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को सम्मुख रखकर यथासंभव प्रयास कर रहा है।

### बजट प्रावधान

सत्र 2019–20 के लिए शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न खर्चों, वेतन, यात्रा भत्ता, कार्यालय व्यय आदि के लिए ₹ 96,61,170 के बजट का प्रावधान किया गया। महाविद्यालय द्वारा उपरोक्त खर्चों से संबंधित ₹ 96,07,521 व्यय किए गए।

## शैक्षणिक सत्र / नामांकन

शैक्षणिक सत्र 2019–20 का आरंभ 18 जून 2019 को हुआ। राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान के तहत इस सत्र के लिए विद्यार्थियों के नामांकन की प्रक्रिया 18 से 29 जून के मध्य पूरी की गई। इस प्रक्रिया के तहत कला और वाणिज्य संकाय के 234 छात्र–छात्राओं ने महाविद्यालय में प्रवेश लिया। इस सत्र में रूसा के तहत जहां एक ओर वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत प्रथम एवम् द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया, वहीं दूसरी ओर सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत पंचम सत्र के विद्यार्थियों का नामांकन हुआ। सत्र 2019–2020 के लिए नामांकित विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है :

| संकाय | प्रथम वर्ष | | द्वितीय वर्ष | | पंचम / षष्ट सत्र | | कुल जमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | |
| कला | 44 | 19 | 27 | 10 | 47 | 22 | 169 |
| वाणिज्य | 06 | 11 | 06 | 10 | 14 | 18 | 65 |
| कुल जमा | 50 | 30 | 33 | 20 | 61 | 40 | 234 |

## प्राचार्य, शिक्षक एवम् गैर शिक्षक वर्ग

महाविद्यालय में प्राचार्य, शिक्षक एवम् गैर शिक्षक वर्ग को मिलाकर कुल 19 पद स्वीकृत है। इनमें से समाजशास्त्र विषय और लाइब्रेरियन एवम् जूनियर ऑफिस असिसटेंट के अलावा कोई भी पद वर्तमान में रिक्त नहीं है।

- प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर
- शिक्षक वर्ग
  - ✓ डॉ. देवकान्त शर्मा (सहायक प्रोफ़ेसर, अंग्रेजी)
  - ✓ डॉ. राकेश सिंह (सहायक प्रोफ़ेसर, अर्थशास्त्र)
  - ✓ श्री संदीप कुमार (सहायक प्रोफ़ेसर, वाणिज्य)
  - ✓ श्री सुरेश कुमार (सहायक प्रोफ़ेसर, इतिहास)

✓ सुश्री मनीला गुप्ता (सहायक प्रोफ़ेसर, राजनीति शास्त्र)

✓ श्रीमती पारूल बेरी (सहायक प्रोफ़ेसर, वाणिज्य)

✓ श्री अरूण कुमार (सहायक प्रोफ़ेसर, हिन्दी)

- **गैर शिक्षक वर्ग**

✓ श्री ईश्वर दत्त शर्मा (अधीक्षक)

✓ श्री मुकेश गाँधी (वरिष्ठ सहायक)

✓ श्री योगेश कुमार (कनिष्ठ सहायक / लिपिक)

✓ श्रीमती कान्ता देवी (सेवादार)

✓ श्रीमती चम्पा देवी (सेवादार)

✓ श्रीमती मीरा देवी (सेवादार)

✓ श्री खेमराज (सेवादार)

✓ श्री दिनेश कुमार (सेवादार)

- **कार्यभार / सेवानिवृत्ति / स्थानांतरण**

महाविद्यालय की यह एक उपलब्धि है कि शैक्षणिक सत्र 2019–2020 में विद्यार्थियों के हितार्थ 'समाजशास्त्र' विषय संबंधी पद सृजित किया गया। जिसके अंतर्गत डॉ. सूरज कुमारी ने दिनांक 28.06.2019 को कार्यभार संभाला। श्री मोहन लाल नेगी ने अधीक्षक पद पर 16.12.2019 को कार्यभार संभाला एवम् 30 जून, 2020 को महाविद्यालय से सेवानिवृत हुए। श्री सुरेश कुमार (सहायक प्रोफेसर, इतिहास) ने 17 जुलाई, 2020 को महाविद्यालय में कार्यभार संभाला। इससे पूर्व ये दौलतपुर चौक (ऊना) में कार्यरत थे। अन्य कर्मचारियों में ईश्वर दत्त शर्मा (अधीक्षक), श्री योगेश कुमार (लिपिक), श्रीमती कान्ता देवी (सेवादार) और श्रीमती चम्पा देवी (सेवादार) शामिल है जिन्होंने इस सत्र में अपना कार्यभार ग्रहण किया।

श्रीमती अंजु देवी दिनांक 16 जुलाई, 2020 को महाविद्यालय से स्थानांतरित होकर कोटशेरा कॉलेज (चौड़ा मैदान) शिमला गए। महाविद्यालय से स्थानांतरित होने वाले अन्य कर्मचारियों में श्री भगत राम (कनिष्ठ सहायक), श्री सुरेंद्र शर्मा (जे.ओ.ए.), श्री खेमचन्द (सेवादार) और श्री धर्मपाल (सेवादार) शामिल है।

## अभिभावक–अध्यापक संघ

अभिभावक, छात्रों एवम् महाविद्यालय प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु दिनांक 10.08.2019 को अभिभावक–अध्यापक संघ का पुनर्गठन किया गया। जिसके अंतर्गत सत्र 2019–2020 के लिए निम्नलिखित पदाधिकारी एवम् सदस्य चुने गए :

| | |
|---|---|
| संरक्षक | प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय |
| अध्यक्ष | श्री दिलाराम पुजियार |
| उपाध्यक्ष | श्री प्रेमलाल ठाकुर |
| सचिव | श्री संदीप कुमार |
| संयुक्त सचिव | श्री वीरेन्द्र शर्मा |
| मुख्य सलाहकार | श्री राकेश शर्मा |
| कोषाध्यक्ष | श्री राजेश गुप्ता |
| कार्यकारी सदस्य | सहायक प्रोफेसर, डॉ. देवकान्त शर्मा |
| | सहायक प्रोफेसर, श्रीमती अंतु देवी |
| | सहायक प्रोफेसर, श्रीमती पारूल बेरी |
| | सहायक प्रोफेसर, श्री अरूण कुमार |
| अभिभावक | श्रीमती चेताली सहगल |
| | श्रीमती चम्पा देवी |
| | श्रीमती कमलेश चौधरी |
| | श्री हरीश कुमार |

इस सत्र में अभिभावक–अध्यापक संघ के तहत कुल प्राप्ति ₹ 2,67,881/– हुई। जिसमें से दिनांक 30 जुलाई, 2020 तक ₹ 2,06,160/– खर्च किए जा चुके हैं। इस राशि को समय–समय पर विद्यार्थियों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रयोजन से खर्च किया जा रहा है।

## महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संघ

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रावधानों के अंतर्गत महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संघ का चयन परीक्षा परिणामों की मैरिट सूची के आधार पर किया गया और निम्नवत् पदाधिकारियों को 12.09.2019 को विधिवत् शपथ दिलाई गई।

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | निशा देवी (बी.कॉम. द्वितीय वर्ष) |
| उपाध्यक्ष | निशा देवी (बी.ए. द्वितीय वर्ष) |
| सचिव | रश्मि देवी (बी.ए. प्रथम वर्ष) |
| सह सचिव | अंजली (बी.कॉम. प्रथम वर्ष) |

इसके अलावा कक्षा प्रतिनिधि, खेल प्रतिनिधि जैसे अन्य पदों पर कविता देवी (बी.ए. पंचम सत्र), कविता देवी (बी.कॉम. पंचम सत्र), प्रणव, आरती देवी, निर्मला, अनामिका, दिक्षा कुमारी, सपना कुमारी, कनुप्रिया, भावना वर्मा, सहगल हर्ष, पूर्णिमा गुप्ता, इंद्रजीत और नीतू देवी ने शपथ ग्रहण की।

## गृह परीक्षाएं

शैक्षणिक सत्र 2019–2020 के अंतर्गत महाविद्यालय में रूसा प्रणाली के तहत पांचवे सत्र की मध्यावधि परीक्षाएं सितम्बर माह में करवाई गई। वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत प्रथम एवम् द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की गृह परीक्षाएं, पंचम सत्र के विद्यार्थियों की सत्रांत परीक्षाओं के साथ करवाई गई। छठे सत्र की उपरोक्त परीक्षाएं 02.03.2020 से 07.03.2020 तक करवाई गई।

## छात्रवृत्तियाँ

विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से वर्तमान में केन्द्रीय व राज्य सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाएं चल रही है। जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2019–2020 में महाविद्यालय के 28 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल के तहत आवेदन किया।

| क्र.सं. | छात्रवृत्ति का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | पोस्ट मैट्रिक (एस.सी.) | 10 |
| 2. | कल्पना चावला | 11 |
| 3. | आई.आर.डी.पी. | 03 |
| 4. | इंदिरा गांधी उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना | 02 |
| 5. | डॉ. अम्बेदकर (आर्थिक पिछड़ापन) | 01 |
| 6. | सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप | 01 |
| कुल जोड़ | | 28 |

## प्राध्यापकों की उपलब्धियां

- SCERT सोलन द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला में महाविद्यालय के अंग्रेजी के सहायक–प्राध्यापक डॉ. देवकान्त शर्मा ने 'Approaches to Translation' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. शर्मा ने 5–6 मार्च, 2020 को हि.प्र. इंग्लिश टीचर फॉरम द्वारा मंडी महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Interpretation versis over Interpretation' विषय पर भी शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
- महाविद्यालय के अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. राकेश सिंह ठाकुर ने 19 अक्टूबर, 2019 को राजकीय महाविद्यालय ज्वाली (कांगड़ा) में N.S.B.S.S. द्वारा आयोजित सेमिनार में 'Economic Dimensions of Goods and Services Tax in India' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया। 6–7 दिसम्बर, 2019 को राजकीय

महाविद्यालय सोलह मील (शिमला) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Economic Issues and Challenges of Gender equity and Women Empowerment in H.P.' विषय पर अपने विचार रखे। डॉ. राकेश ने लॉकडाउन में 13.04.2020 से 17.04.2020 तक AVS College of Art and Science, Salem द्वारा आयोजित 5 दिवसीय 'Stress Management" संबंधी ऑनलाइन कोर्स में भाग लिया। इसके अलावा इन्होंने विभिन्न वेबिनार और Covid-19 पर आधारित अनेक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया।

- डॉ. सूरज कुमारी (सहायक–प्राध्यापक, समाजशास्त्र) ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय स्थित, मानव संसाधन विकास केन्द्र द्वारा आयोजित 21 दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम (ओरिएेंटेशन प्रोग्राम) में भाग लिया। सोलह मील में आयोजित संगोष्ठी में 'Women in 21st Century: Issues and Challenges' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया। इसके अलावा हि.प्र.वि.वि. के विधि विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में शोध–पत्र पढ़ा।
- श्रीमती अंजु देवी (सहायक–प्राध्यापक, इतिहास) ने SCERT सोलन द्वारा 15 जुलाई, 2019 से 27 जुलाई, 2019 तक आयोजित इंडक्शन ट्रेनिंग में भाग लिया एवम् हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के हिस्ट्री डिपार्टमेंट द्वारा 24–25 सितम्बर, 2019 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Revisiting The Jallianwala Bagh Massacre: A Blot in Indian History' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
- श्री संदीप कुमार (सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य) ने SCERT सोलन द्वारा 17.02. 2020 से 29.02.2020 तक आयोजित इंडक्शन ट्रेनिंग में भाग लिया।
- महाविद्यालय की राजनीतिक शास्त्र की सहायक प्राध्यापक मनीला गुप्ता जी ने महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के राजनीतिक शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया। यह वेबिनार 'Challenges to Peace in the Contemporary Times' विषय पर आयोजित किया गया था।

- श्रीमती पारुल बेरी (सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य) ने 30 अप्रैल, 2020 को ग्रैंड अकेडमी पोर्टल इंडिया द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।
- श्री अरूण कुमार (सहायक प्राध्यापक, हिन्दी) ने राजकीय महाविद्यालय, ठियोग (शिमला) द्वारा 07.09.2019 को आयोजित 'तकनीकी युग में भाषा और साहित्य' विषय संबंधी एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और 'साहित्य में पर्यावरण बोध' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

## विकासात्मक / संस्थापक गतिविधियां

महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों के मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं। सत्र 2019–2020 में विद्यार्थियों की संख्या और कक्षाओं में हुई वृद्धि को देखते हुए दो नये कक्षा–कक्ष शुरू किए गए। लड़कियों की सुविधा और स्वच्छता हेतु 'सेनिटरी नेपकिन बैडिंग मशीन' शौचालय में लगाई गई और लड़कों के लिए शौचालय बनाया गया। विद्याथियों की सुरक्षा की दृष्टि से महाविद्यालय प्रांगण में रैलिंग लगाई गई तथा बैठने क लिए बैंच बनवाए गए।

## पुस्तकालय

वर्तमान में महाविद्यालय में पुस्तकालय–अध्यक्ष का पद रिक्त चल रहा है। विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु उनके पाठ्यक्रम के साथ–साथ, अन्य विभिन्न विषयों से संबंधित 403 उपयोगी पुस्तकें अस्थाई पुस्तकालय में उपलब्ध है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 27 जून, 2019 को हमारे महाविद्यालय के लिए N.S.S. की हाफ यूनिट स्वीकृत की गई। योजना अधिकारी मनीला गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व में इस सत्र में N.S.S. के तहत विविध गतिविधियां करवाई गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सामुदायिक सेवा भाव उत्पन्न कर उनके व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास करना है। मुख्य गतिविधियां निम्नलिखित है :

1. वृक्षारोपण (30.07.2019)

2. स्वच्छता पखवाड़ा।

3. एड्स जागरूकता रैली।

4. प्लॉग रन (02.10.2019)

5. राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम (31.10.2019)

इसके अलावा Covid-19 के समय भी महाविद्यालय की N.S.S. इकाई ने विविध ऑनलाइन गतिविधियों में भाग लिया।

## ईको क्लब एवम् यूथ रेड क्रॉस

पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा के प्रति विद्यार्थियों की रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से ईको क्लब और यूथ रेड क्रॉस महाविद्यालय में स्थापित किए गए है। ईकों क्लब श्रीमती पारूल बेरी के कुशल नेतृत्व में 52 विद्यार्थियों के समूह के साथ कार्य कर रहा है। यूथ रेड क्रॉस श्री अरूण शर्मा के नेतृत्व में कार्यरत है। इन दोनों के अंतर्गत करवाई गई प्रमुख गतिविधियां :

1. बैस्ट ऑउट ऑफ बेस्ट (27.07.2019)

2. पौधारोपण (30.07.2019)

3. परिसर सौन्दर्यीकरण (23.09.2019)

4. पर्यावरण संरक्षण रैली

5. स्वच्छता एवम् नशा–निवारण रैली आदि

## अन्य विविध गतिविधियां

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को सम्मुख रखकर समय–समय पर विविध प्रकार की शिक्षेतर गतिविधियां करवाई जाती है। सत्र 2019–2020 में करवाई गई इस प्रकार की गतिविधियों का ब्यौरा इस प्रकार है :

- 5 जुलाई, 2019 को 'नशा निवारण पाक्षिक कार्यक्रम' के तहत पेपर रीडिंग पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग जैसी अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

- 30 जुलाई, 2019 को एन.एस.एस., ईको क्लब एवम् यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वाधान से पौधारोपण करवाया गया। जिसके तहत महाविद्यालय भवन हेतु चयनित भूमि के चारों ओर 100 पौधे रोपे गए।

- 31 अगस्त, 2019 को लोगों को एच.आई.वी. एड्स के प्रति लोगों को जागृत करने के लिए दाड़लाघाट कॉलेज परिसर लेकर दाड़ला बस स्टैंड तक रैली निकाली गई।

- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्सव ग्रुप–1 (जो कि राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली में आयोजित किया गया था) में महाविद्यालय के 5 विद्यार्थियों में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। हमारे महाविद्यालय के बी.कॉम. द्वितीय वर्ष के छात्र सहगल हर्ष संजीव ने फोटोग्राफी में प्रथम सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया, जो कि हमारे लिए हर्ष का विषय है। यह महोत्सव 2 से 6 सितम्बर, 2019 तक मनाया गया।

- महाविद्यालय के 6 विद्यार्थियों के एक समूह ने सितम्बर माह, 2019 को भाषा एवम् संस्कृति विभाग (हि.प्र.) द्वारा गेयटी थियेटर, शिमला में करवा गए 'हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम' में भाग लिया। जिसके अंतर्गत 12–14 सितम्बर के मध्य महाविद्यालय स्तरीय निबंध लेखन, भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई थी।

- स्वास्थ्य केन्द्र अर्की के सहयोग से 26 सितम्बर, 2019 को राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में पोषण अभियान आयोजित किया गया। इसके तहत महाविद्यालय के विद्यार्थियों के हीमोग्लोबिन की जांच की गई। डॉ. अश्वनी शर्मा और डॉ. उदित शुक्ला ने विद्यार्थियों को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी विषय पर जानकारी दी।

- 30 सितम्बर, 2019 को 'हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम' के अंतर्गत महाविद्यालय में चित्र देखो और कविता/कहानी/निबंध लिखो प्रतियोगिता करवाई गई। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता को बढ़ाना था।

- 24 फरवरी, 2020 को महाविद्यालय में 'International Business Machine Corporation' के तत्वाधान से एक स्कॉलरशिप टेस्ट करवाया गया जिसके तहत दिल्ली से मिस्टर नितिन ने कॉलेज में भ्रमण किया। इसका मुख्य उद्देश्य स्नातक स्तरीय छात्र-छात्राओं को नौकरी के अवसर तलाशने संबंधी जानकारी देना था।

- 14 फरवरी, 2020 को महाविद्यालय में 'युवा संसद' आयोजित करवाई गई। इसका आयोजन नेहरू युवा केंद्र सोलन के सहयोग से किया गया। युवा संसद के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को संसदीय कार्यवाही संबंधी जानकारी देना रहा।

## भविष्य की योजनाएं

शिक्षार्थी का सर्वांगीण विकास शिक्षा का मूल उद्देश्य हैं। इसी उद्देश्य को सम्मुख रखकर महाविद्यालय प्रशासन ने गत वर्ष जो योजनाएं शैक्षणिक सत्र 2019-2020 के लिए निर्धारित की थी, उनमें से अधिकतर सफलता के मुकाम तक पहुंच चुकी है। आगामी सत्र में अधूरी बची योजनाओं पर कार्य किया जाएगा एवम् Covid-19 के इस विपद् समय में महाविद्यालय का अधिकतर कामकाज ऑनलाइन करवाना हमारी प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश दिया जा रहा है एवम् जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, तब तक कॉलेज प्रशासन हर क्षेत्र में विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है।

Principal
Govt. Degree College
Darlaghat, Dist. Solan (H.P.)